तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि


रायपुर, बुधवार 14 मई 2025



10 जिले के मेधावी विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया ...




10 सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल व बुनियादी...






## खबर संक्षेप

### बारिश और आंधी ने जमकर मचाई तबाही



**बकावंड।** भरी गर्मी में बारिश होने से जहां मौसम खुशनुमा हो गया है, वहीं, तेज अंधड़ ने कुछ पेड़ों और बिजली खंभों को नुकसान भी पहुंचाया है। बकावंड और बस्तर ब्लाकों में मंगलवार को दोपहर अचानक मौसम बदल गया। पहले तो तेज अंधड़ चली फिर झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश के दौरान भी हवा की गति काफी तेज थी। बड़ी तेज रफ्तार में चली अंधड़ के कारण कई पेड़ों की शाखाएं ▶▶शेष पेज 10 पर

### पौधरोपण पर अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन



**जगदलपुर।** वन विभाग की ओर से पौधरोपण पर वनाधिकारियों की कार्यशाला मंगलवार को शहर के वन विद्यालय में आयोजित की गई। इसमें कर्नाटक के सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. मनोरंजना बांजा ने बताया कि सफल पौधरोपण सागौन, क्लोनल नीलगिरी, बहुत कम विविध प्रजातियों तक सीमित हैं, लेकिन स्वदेशी दृढ़ लकड़ी की प्रजातियां नहीं हैं। प्राकृतिक वन बनाने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम को अभी तक एक ▶▶शेष पेज 10 पर

# जनकल्याणकारी कार्यों के लिए डीएमएफडी मद का किया जाए उपयोग : महेश कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- विकास कार्य को समयसीमा में करें पूर्ण : देव
- जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की शासी परिषद बैठक में निर्णय



जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की शासी परिषद सह समीक्षा बैठक की जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव और जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप की उपस्थिति में आयोजित की गई।

बैठक में सांसद ने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र में विकास कार्य को गति दे रही है। प्राकृतिक संपदा से संपन्न बस्तर में जिन कार्यों में विभागीय बजट का प्रावधान नहीं हो उन जनकल्याणकारी कार्यों के लिए डीएमएफडी मद को उपयोग किया जाए। डीएमएफटी मद में विशेष कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और विद्युत क्षेत्र को प्राथमिकता में रखकर बेहतर व्यवस्था किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में मानव संसाधन, मरम्मत योग्य शिक्षण संस्थाओं के पुनः निर्माण, पेयजल की संकट को दूर करने में सहायता दी जाए।

विधायक ने कहा कि जनता से सीधे जुड़ने वाले मामलों में डीएमएफटी मद से विकास कार्य को तत्काल कार्यवाही किया जाना चाहिए और डीएमएफटी मद से स्वीकृत कार्यों में प्राथमिकता वाले विषय पर विकास कार्य को समय सीमा में पूर्ण किया जाना चाहिए। संभाग मुख्यालय के विकास कार्यों का प्रभाव अन्य जिलों में भी दिखाई देता है। इसलिए पूर्व वर्षों के लम्बित विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाएँ, इसके लिए विभागीय अधिकारी स्वप्रेरणा से दिक्कतों को दूर करने की पहल करें। बैठक में वित्तीय वर्षवार 210 विकास कार्यों की जानकारी दी गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के डीएमएफटी मद से संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्ययोजना पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया।जिसमें ▶▶शेष पेज 10 पर

### लंबित कार्यों में तेजी लाएं

बैठक में पेयजल समस्या, जल जीवन मिशन के लम्बित कार्यों में तेजी लाने तथा काम को अधूरा छोड़ने वाले निविदाकार के खिलाफ कार्रवाई करने, विद्युत व्यवस्था, डिस्मेंटल किए गए स्कूल भवनों के विकास जैसे प्रस्तावों पर चर्चा किया गया। साथ ही शासी परिषद के सदस्यों द्वारा उनके क्षेत्र के समस्या और अन्य विषय रखे गए जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# चार पिकअप से अवैध धान व महुआ पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- मंडी अधिनियम पर कार्रवाई कर 5 गुना शुल्क 37 हजार वसूला गया
- रात को जेडी की टीम ने नाका में वाहनों की कराई चेकिंग



उपज का अवैध कारोबार को रोकने के लिए राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड बस्तर संभाग के जेडी ने टीम गठित की। जेडी के निर्देश पर हॉल ही में लगभग 10.30 बजे रात को मुखबीर की सूचना पर टीम ने चारामा नाका पर वाहनों का चेकिंग किया। वाहनों की जांच में 3 पिकअप से धान का परिवहन करते पकड़ा गया। इसके अलावा एक पिकअप से महुआ मिला, जिसके दस्तावेज आदि की मांग की गई, पर नहीं मिला। इस पर जेडी की टीम ने चारों वाहन में मिले धान एवं मक्का अवैध मिले, जिस पर मंडी ने मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई कर पांच गुना मंडी शुल्क 37 हजार रुपए वसूल किया गया। साथ ही संभाग के सातों जिले के मंडी क्षेत्र में और धनपूंजी, भोपालपटनम, कोंटा, नारायणपुर में बेरियर ▶▶शेष पेज 10 पर

### नाकों व मंडी क्षेत्र में कर रही सर्चिंग

राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड बस्तर संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक केएल मंडावी ने कहा कि संभाग के सातों जिलों के मंडी क्षेत्र एवं नाकों पर उपज के अवैध कारोबार टीम सर्चिंग कर रही है।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर





कोतवाली थाना क्षेत्र के प्रवीरवार्ड दलपत सागर के करीब सेलून में बीती रात पुरानी रजिंश के चलते आदतन आरोपी ने दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें तत्काल महारानी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

जानकारी के मुताबिक चाकूबाजी की घटना में दो युवक सुमीत पांडेय और धीरेंद्र ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया ▶▶शेष पेज 10 पर

# आधुनिक परिवहन कार्यालय ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- एक छत के नीचे तमाम सुविधाएं देने का प्रयास पर ध्यान नहीं



परिवहन का नया कार्यालय आधुनिक ढंग एवं इसमें सुविधा केंद्र भी बनाए जाना था। इसकी आड़ावाल में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के बाजू में स्थित रिक्त भूमि का आरटीओ डीसी बंजारे की टीम ने सर्वे किया और प्रस्ताव मुख्यालय को भेज दिया गया। इस प्रस्ताव का स्वीकृति नहीं मिलने से यह आधुनिक आरटीओ कार्यालय का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया। बताया जा रहा है कि इस नए आधुनिक आरटीओ कार्यालय यानि एक छत में में विभिन्न प्रकार के काउंटर, जिसमें ▶▶शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप

### रेत माफिया ने दी पत्रकार को मारने की धमकी, सौंपा ज्ञापन



**कोंटा।** जनवरी माह से अवैध रेत उत्खनन कर बेधड़क बेचने तथा रेत उत्खनन करने वाले माफियाओं की दबंगई चरम पर है। हरिभूमि में अवैध रेत फंदीगुड़ा से निकाल अनाप-शनाप दाम पर बेचने तथा अनेक स्थानों में रेत इकट्ठा करने की तथा माइनिंग विभाग द्वारा की कार्रवाई पर समाचार प्रकाशन के बाद कोंटा हरिभूमि संवाददाता को मारने की धमकी दी गई है। इस संबंध में पत्रकारों में काफी नाराजगी है। रेत माफियाओं पर कार्रवाई करने प्रशासन और पुलिस को ज्ञापन दिया गया है।

### अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस जारी

**सुकमा।** कोंटा विकासखंड के बालक आश्रम मेहता में कार्यरत भृत्य जी सतीश कुमार और बालक आश्रम जगरगुंडा में कार्यरत पूरन सिंह कोसमा को बिना सूचना लंबे समय तक अनुपस्थित रहने और अंतिम कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब नहीं देने के कारण पुनः सूचना पत्र जारी किया गया है। सूचना प्राप्ति के 3 दिवस के भीतर कार्यालय में उपस्थित होकर आरोप पत्र का जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा सेवा से पृथक करने की एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

### लंबित प्रकरणों का निराकरण जल्द होगा

**जगदलपुर।** महापौर संजय पाण्डे ने बताया कि माहेश्वरी भवन में आज हुये समाधान शिविर में दो हजार सात सौ छह आवेदन में तीन सौ चार प्रकरण का निराकरण जल्द किया जाएगा। शहरवासियों ने शिविर में पहुंचकर अपनी मांग और समस्या का आवेदन प्रस्तुत किया। जिसका परीक्षण कर कई प्रकरणों का निराकरण किया गया।

### शहर के मुख्य मार्ग में नाली निर्माण के चलते वाहनों को डायवर्ट कराया गया

**कांकेर।** यातायात पुलिस द्वारा शहर में नाली निर्माण मस्जिद चौक से वृंदावन होटल तक चलने के कारण छोटी व बड़ी वाहनों को डायवर्ट 14 मई से कराया जायगा, जिसमें यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया जा सके। कांकेर शहर के मध्य में नाली निर्माण होने के कारण घड़ी चौक की ओर से आने वाली बड़े वाहन ऊपर नीचे रोड, पंडरीपानी, बरदेभाटा, ज्ञानी चौक होते हुए नया बस स्टैंड पहुंचेगी। ज्ञानी चौक से शहर की ओर आने वाली बड़े वाहन नया बस स्टैंड से वापिस ज्ञानी चौक, बरदेभाटा, पंडरीपानी होते हुए ऊपर नीचे रोड होते हुए निकलेगी। घड़ी चौक की ओर से आने वाली छोटे वाहन ऊपर नीचे रोड, सेन चौक से रमालाज होते हुए नया बस स्टैंड की ओर जाएगी। नया बस स्टैंड की ओर से आने वाले छोटी वाहन पुराना बस स्टैंड, रमालाज, मस्जिद चौक चौक से आगे की ओर जाएगी। कोडेजुंगा एवं शीतलापारा की ओर से आने वाली छोटे वाहन मस्जिद चौक, पुराना कचहरी चौक, पुलिस पेट्रोल पंप, सेन चौक रमालाज होते हुए नए बस स्टैंड की ओर जाएगी।

### मारपीट करने वाले तीन आरोपी किए गए गिरफ्तार

**दुधावा।** सरोना निवासी विजय यादव के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपियों कैलाश सोरी पिता रामासोरी निवासी सरोना, प्रशांत कचलाम पिता मोतीराम निवासी कुरूष्टीकुर और चनार निवासी विदेश कवाड़े पिता कंवल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार सरोना निवासी 52 वर्षीय विजय यादव पिता सुखराम यादव ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया था कि 7 मई को ग्राम सरोना के पतिराम मंडावी के घर शादी कार्यक्रम में मिठाई एवं मिक्चर बनाने का आर्डर लिया था, जिसमें कैलाश शोरी मेरे साथ सहयोगी के रूप में काम कर रहा था। मिठाई बनाने के समय कैलाश शोरी को मेरे द्वारा बोला गया कि काम में ध्यान नहीं देते हो। इतना कहने पर वह मेरे साथ विवाद करने लगा। काम खत्म करके रात करीबन साढ़े 10 बजे अपने घर वापिस जा रहा था,तभी शिशु मंदिर के पास आरोपी कैलाश शोरी और उनके दो अन्य साथी रोककर मुझे गाली देने लगे और जान से मारने की धमकी दिया, जिससे वह डर गया।

# जिले के मेधावी विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

## विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ने जिले का गौरव बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टोरेट भवन के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में मंगलवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना ने छात्रों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। सम्मानित विद्यार्थियों में कक्षा 5वीं से पी.एम. श्री विश्रामपुरी की यामिनी मरकाम, सेजेस जामकोटपारा से नित्याभ दिवान, गिरीदीप हाई स्कूल केशकाल से हिमांश सिन्हा, कुशाग्र मंगलम निराला, तंसुश्री पटेल एवं कृतिका यादव, प्राथमिक शाला देवगांव से सुर्या ठाकुर, और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय माकड़ी से आलोक शर्मा शामिल हैं।

**निशा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित** – कक्षा 8वीं से सेजेस केशकाल की निकिता कुंभकार, कन्या शिक्षा परिसर पीपरा की अंजली मरकाम, और महात्मा गांधी वार्ड कोंडागांव से चिरंजीव देवांगन को सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं से केशकाल के आदिदेव सोनवानी, सेजेस जामकोट कोंडागांव की मुस्कान देवांगन, फरसगांव की याशिका चौधरी एवं यशस्वी सोंसर्वे को सम्मान प्राप्त हुआ। कक्षा 12वीं में सेजेस जामकोटपारा की शिवानी पटेल, केशकाल की जैनाब पारेख और शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव की निशा पांडेय को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ने जिले का गौरव बढ़ाया है। भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करते रहिए और अपने परिवार, समाज एवं राज्य का नाम रोशन कीजिए।



## बैठक : सुशासन तिहार के आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की

# सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल व बुनियादी सुविधाओं में किया जाए सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा बैठक का आयोजन कर जिले में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल एवं विद्युत जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभागवार गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने लंबित आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि जन समस्याओं का गंभीरता के साथ कार्रवाई करें। कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा के मद्देनजर हेलमेट अनिवार्यता और यातायात नियमों के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए। उन्होंने बायपास मार्ग के निर्माण की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही जिले में जर्जर सड़कों, पुल–पुलियों की मरम्मत हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण में तेजी लाने हेतु सभी जनपद सीईओ को फील्ड विजिट कर निगरानी रखने को कहा। वहीं धरती आंबा ग्राम उत्कर्ष योजना के क्रियान्वयन के लिए अधोसंरचना विकास संबंधी प्रस्ताव सभी विभागों से शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर डीएफओ चूडामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### आवेदनों की वापसी पर जताई नाराजगी

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को युक्त युक्तिकरण कार्य सावधानीपूर्वक तथा समयसीमा में पूरा करने और जाति प्रमाण पत्र व अपार आईडी बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। आगामी 14 मई से आरंभ हो रहे समर कैंप की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रतिभागियों के पंजीयन और समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश खेल विभाग को दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में सभी आवश्यक उपकरणों को दुरुस्त रखने तथा हाईवे पर स्थित अस्पतालों में आपातकालीन कक्ष की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी तहसीलदारों व जनपद सीईओ को अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और स्टाफ की उपस्थिति की जानकारी लेने के निर्देश दिए। ई–डिस्ट्रिक पोर्टल पर लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान कई आवेदनों की वापसी पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए समुचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में धान उठाव की स्थिति की समीक्षा के साथ जिले में पर्यटन विकास के लिए कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई।

# जनदर्शन में पहुंचे 25 आवेदन कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के बाद जनदर्शन में विभिन्न समस्याओं और मांग को लेकर पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रें से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं से अवगत हुए और संबंधित अधिकारियों को उनके निराकरण के लिए निर्देशित किया।

■ सड़क, पेयजल, बिजली और पेंशन जैसी समस्याओं पर जताई गई चिंता

जनदर्शन में ग्राम आलबेड़ा की महिलाओं ने महतारी वंदन योजना एवं वृद्धा पेंशन नहीं मिलने की बात कही, जिस पर कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। वहीं ग्राम शामपुर के भरत दास मानिकपुरी बिजली की समस्या, ग्राम बड़े भिरावड निवासी राम नेताम ने पेयजल समस्या, ग्राम बड़ेराजपुर निवासी बुधसिंह सेठिया के कृत्रिम पैर दिलाने की मांग की पूर्ति करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार आवास, मोबाइल नेटवर्क की समस्या, विभिन्न राजस्व प्रकरणों, आंगनबाड़ी एवं सड़क की मांग सहित विभिन्न मांगों को लेकर 25 आवेदन प्राप्त हुए।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 14 से

**कोण्डागांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से 14 मई से 6 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, जूडो, कराते, तीरंदाजी, स्वीमिंग, कैरम, शतरंज शामिल हैं। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा विविध खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

शिविर का शुभारंभ 14 मई को प्रातः 5:30 बजे तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र में योगाभ्यास के साथ किया जाएगा। इसमें सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी एवं गणमान्य नागरिक भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण समय सामान्य खेलों के लिए प्रातः 5:30 से 7:30 बजे तक एवं शाम 4:00 से 6:00 बजे तक वही स्वीमिंग के लिए प्रातः 6:00 से 8.00 बजे तक एवं शाम 4:00 से 6:00 बजे तक आयोजित होगी। प्रशिक्षण स्थल आरचरी खेलो इंडिया सेंटर बडेकनेरा, फुटबॉल विकास नगर आउटडोर स्टेडियम, जूडो मल्टीपरपस हॉल ऑडिटोरियम के पीछे, स्वीमिंग नगरपालिका स्वीमिंग पूल, टेबलटेनिस इंडोर स्टेडियम विकास नगर, एनसीसी मैदान हॉल, बैडमिटन मल्टीपरपस हॉल ऑडिटोरियम के बाजू, विकास नगर इंडोर स्टेडियम, चेस एवं कैरम, जवाहर नवोदय स्कूल, कराते टाउन हॉल में आयोजित किया जाएगा। साथ ही शिविर के समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षित खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# समस्याओं का हुआ समाधान खेतों में बिजली आपूर्ति शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

साप्ताहिक जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक जांच के पश्चात निर्धारित समय–सीमा के भीतर कार्रवाई की जा रही है। जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है और आवेदकों को राहत मिल रही है। गत जनदर्शन में बड़ेराजपुर विकासखण्ड के ग्राम रामपुर के किसानों ने कलेक्टर के समक्ष शिकायत की थी कि खेतों में विद्युत पोल, तार और ट्रांसफार्मर लगाए जाने के बावजूद विद्युत आपूर्ति प्रारंभ नहीं की गई है। किसानों ने बिजली लाइन चालू करने का निवेदन किया था।



कलेक्टर के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा गुरुवार को सभी छह किसानों के खेतों में मीटर स्थापित कर विद्युत आपूर्ति शुरू कर दी गई है। अब किसान अपने खेतों में सिंचाई कर पा रहे हैं। जिला प्रशासन की त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई और समस्या के समाधान से संतुष्ट किसानों ने शासन–प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# केशकाल विकासखण्ड के बटराली में समाधान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विकासखंड केशकाल के ग्राम पंचायत बटराली में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत तीसरे समाधान शिविर का आयोजन किया गया, समाधान शिविर बटराली क्लस्टर के 10 ग्राम पंचायत शामिल थे। इस समाधान शिविर में जनपद अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मरकाम, तथा जनपद सदस्यगण तथा सभी 10 ग्राम पंचायत के सरपंच गण उपस्थित रहे। शिविर में जनपद अध्यक्ष के द्वारा सभी को जल संरक्षण के संबंध में शपथ दिलाया गया। समाधान शिविर में उद्यानिकी विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को सब्जी बीज, राजस्व विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को किसान किताब, 26 जाति प्रमाण पत्र एवं 10 निवास प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को धान बीज, जनपद पंचायत द्वारा 10 हितग्राहियों का पेंशन स्वीकृति एवं 24 को मनरेगा जाब कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा 25 को राशन कार्ड, हितग्राहियों को विभागों द्वारा अपनी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।



**उपस्थित रहे ये** – समाधान शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंकित चौहान, जनपद सीईओ केशकाल, तहसीलदार केशकाल तथा सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# समाज के विकास और कल्याण के लिए विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना से आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एसटी, एससी, ओबीसी मूल निवास समाज समन्वय समिति के प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट कर जिले के विभिन्न मुद्दों से जुड़ी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने बैठक में जिले के विभिन्न समस्याओं के निराकरण और शिक्षा, रोजगार के साथ शासन की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ आपसी समन्वय पर जोर दिया। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर है। दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने समाज प्रमुखों से भी कहा कि वे यातायात नियमों को लेकर समाज में जागरुकता लाने में सहयोग करें।

■ कलेक्टर से एसटी, एससी, ओबीसी समन्वय समिति के प्रतिनिधिमण्डल ने की भेंट

जिला प्रशासन समाज को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ सकारात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव मदद की जाएगी। उन्होंने समाज प्रमुखों से अपील करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्ग एकजुट होकर कार्य करें और जिले के विकास में अपना योगदान दें। बैठक में समिति के सदस्यों ने मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक, नाबालिगों को वाहन न देने, दुर्घटनाजन्य स्थलों की मरम्मत तथा यातायात नियमों के सख्त पालन जैसे सुझाव प्रस्तुत किए। साथ ही जिले में वन भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण को रोकने प्रभावी कदम उठाए जाने पर जोर दिया गया।



### मृत परिजन की स्मृति में पौधरोपण, कलेक्टर ने की सराहना

बैठक में वन सुरक्षा समिति बनियागांव के उपाध्यक्ष कृष्णा पटेल ने एक नवाचार की जानकारी दी कि ग्राम में किसी परिजन की मृत्यु पर उनकी स्मृति में पौधरोपण किया जा रहा है। कलेक्टर ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण और स्मृति को सहेजने की सकारात्मक दिशा बताया। बैठक में एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न समाजों के प्रमुख उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### जनकल्याणकारी कार्यों...

उच्च प्राथमिकता के ग्यारह कार्यों और अन्य प्राथमिकता के सात कार्यों के प्रावधानों पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर महापौर संजय पांडेय, शासी परिषद के गणमान्य सदस्य, कलेक्टर हरिस एस, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

### चार पिकअप से...

लगाया गया है। जहां के लिए अवैध उपज का परिवहन रोकने की टीम के अधिकारी-कर्मचारी पदस्थ किए गए हैं। अवैध उपज के परिवहन को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावा कृषि उपज मंडी के निरीक्षकों को निर्देश दिया कि वे साप्ताहिक बाजार पहुंच कर उपज की जांच करें।

### पुरानी रंजिश को...

जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश के चलते चाकूबाजी की घटना हुई। इस घटना में दो युवक सुमीत पांडेय और धीरेंद्र ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को मेकाज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। घटना के दौरान सुमीत और धीरेंद्र सैलून में फेशियल करा रहे थे। तभी अमित शर्मा अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और सुमीत से विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर अमित और उसके साथियों ने चाकू से सुमीत के सीने और धीरेंद्र की कमर पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में दोनों लहूलुहान हो गए। जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को महारानी अस्पताल लेकर गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए मेकाज रेफर किया गया। घटना के बाद से आरोपी अमित शर्मा और उसके साथी मौके से फरार हो गए। घटना की खबर लगते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी।

**आरोपियों को पकड़ने टीम का गठनः** एएसपी-एएसपी माहेश्वर नाग ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई है। प्रारंभिक जांच में पुराने विवाद के चलते घटना होने की खबर सामने आई है। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों में छापेमारी की जा रही है। कोतवाली टीआई भोलासिंह राजपूत ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बताया जाता है कि घटना का मुख्य आरोपी अमित शर्मा के खिलाफ पूर्व में भी हत्या का प्रयास, मारपीट, रंगदारी सहित कई मामले दर्ज हैं।

### आधुनिक परिवहन...

लर्निंग लाइसेंस, पूछताछ कक्ष, ड्राइविंग लाइसेंस एवं ट्रांसफर कराने के काउंटर शामिल होना था। साथ ही नए भवन में सभी सुविधाएं मिलने होना था, जिससे लोगों को होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिल जाता।

**प्रस्ताव को नहीं मिली स्वीकृति-** संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि विभाग के मुख्यालय के निर्देश पर नए आधुनिक आरटीओ कार्यालय का प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजा गया था। प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिल सकी।

### बारिश और आंधी...

टूट कर गिर पड़ी, वहीं बिजली के खंभे और तार भी कुछ जगहों पर क्षतिग्रस्त हुए हैं। बस्तर विधानसभा क्षेत्र के तारागांव में अचानक आए तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई है। तारागांव और मुंजला समेत कई इलाकों में बिजली के खंभे और तार टूट गए हैं। तारागांव में एक घर पर कटहल का पेड़ गिर गया गनीमत रही कि इस हादसे में जान-माल की हानि नहीं हुई। एक घर की सीमेंट शीट क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं तारागांव के आसपास में कई इलाकों में पेड़ भी गिरे हैं। बिजली की मुख्य लाइन के तार टूटने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। इस संबंध में बिजली विभाग को सूचना दे दी गई है।

### पौधरोपण पर अधिकारियों...

प्रभावी उपकरण के रूप में नहीं माना गया है। साइट प्रबंधन पर कोई विशेष जोर नहीं दिया गया है और वानिकी फसलों के लिए कोई फसल पालन प्रोटोकॉल उपलब्ध नहीं है। बड़े पैमाने पर पौधरोपण में प्रभावी कीट प्रबंधन कार्यक्रम का अभाव। पौधे के स्टॉक में सुधार और क्लोनल वानिकी केवल यूके, कैसुरीना और पोपलर तक ही सीमित है। नर्सरी प्रथाओं के आधुनिकीकरण में रूट ट्रेनर तकनीक से आगे कोई प्रगति नहीं हुई है। पौधरोपण क्षेत्र के लिए एक रूपरेखा विकसित करना है, जिसमें उच्च इनपुट-उच्च आउटपुट रणनीति पर विकसित वाणिज्यिक, उच्च उपज, लघु-चक्र वृक्षारोपण, प्रतिगामी उत्तराधिकार को उलटने के लिए संदर्भ पारिस्थितिकी तंत्र के प्रजातियों के मिश्रण के साथ पुनर्स्थापन पौधरोपण और सभी मापदंडों के साथ प्राकृतिक वन का निर्माण पर जानकारी दी गई। कार्यशाला में बस्तर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, एसडीओ देवलाल दुग्गा, परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाश ठाकुर आदि शामिल रहे।

**खबर संक्षेप**

### निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें : कलेक्टर




**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अतंर्गत प्रारंभ, अप्रारंभ एवं कार्यशील निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक उन्होंने स्पष्ट कहा कि पीएचई के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता सहित समय-सीमा में पूर्ण कराना, निर्माण एजेंसियों एवं अभियंताओं की संयुक्त जवाबदेही है। अतः निर्माण एजेंसियां प्राथमिकता के साथ निर्माण कार्यों को पूर्ण करे। इस संबंध में निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर विभागीय समन्वय के साथ इस हल करें। शासन की नल-जल योजनाएं पूरे ग्रामीण समूदाय की मूलभूत सुविधाओं के अंतर्गत है और बचे डेढ़ माह के कार्यशिल अवधि को देखते हुए। इस में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। निर्माण एजेंसियों के लंबित भुगतान के संबंध में भी प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

### खुशी कर्मा को मिला नवीन राशन कार्ड

**सुकमा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में चलाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद सुकमा निवासी खुशी कर्मा को बड़ी राहत मिली है। सुशासन तिहार के अंतर्गत उन्होंने नवीन राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया था। नगरपालिका सुकमा के सीएमओ पीआर कोर्राम ने उनके आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें तत्काल नवीन राशन कार्ड जारी किया। पटनम पारा में आयोजित समाधान शिविर में उन्हें नवीन राशन कार्ड प्रदान किया गया। सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अब उन्हें निःशुल्क राशन सुविधा का लाभ मिलेगा।

### रजिस्ट्री प्रक्रिया का सरलीकरण व सुगम एप किया लांच

**सुकमा।** रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरल और आसान बनाने के लिए सुगम ऐप लॉन्च किया गया, जिसके माध्यम से जमीन का अक्षांश देशांतर की स्थिति और भूमि की वास्तविक अवस्थिति दर्ज हो जाती है। रजिस्ट्री अधिनियम 1908 का बनाया गया था। राज्य शासन ने रजिस्ट्री नियम का व्यापक अध्ययन कर इसके प्रावधानों को वर्तमान के जरूरतों के अनुरूप अनूकूलन बनाया। रजिस्ट्री प्रक्रिया में टेक्नॉलाजी का अधिक से अधिक समावेश करते हुए और मानवीय हस्तक्षेप को सीमित करते हुए ये 10 नये क्रांतियुक्त नवाचार विकसित किये गये हैं।

## 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ प्रावीण्य सूची में स्थान

# रामशिला का कलेक्टर ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

बोर्ड परीक्षा में जिले से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा रामशिला ने कक्ष दसवी में 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ पूरे प्रदेश में प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल किया है।

वर्तमान में वह छू लो आसमान आवासीय योजना के अंतर्गत रहकर अध्ययन कर रही है और भविष्य में आईआईटी मद्रास से इंजीनियरिंग करने की इच्छा रखती है। उसकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत उसे प्रोत्साहन स्वरूप एक लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित किया गया।

■ कलेक्टर ने प्रोत्साहन स्वरूप दिया लैपटॉप



रामशिला की यह सफलता दंतेवाड़ा जिले के समग्र प्रयासों का भी परिणाम है। वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में जिले ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10वीं में 94.45ः परिणाम के साथ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 12वीं में भी जिले ने 85.66 प्रतिशत परिणाम के साथ 11वें स्थान से छलांग लगाते हुए छठवां स्थान प्राप्त किया।

इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे कई ठोस और योजनाबद्ध पहल रहीं। अगस्त माह से शुरू होकर पूरे वर्ष भर चली मासिक टेस्ट श्रृंखला में इकाई-वार, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक, प्री-बोर्ड और बोर्ड स्तर की परीक्षाएं आयोजित की गईं। इन परीक्षाओं के प्रश्नपत्र पीएलसी (पीयर लर्निंग सर्कल) के माध्यम से तैयार किए गए, जिससे उनकी गुणवत्ता और समानता सुनिश्चित हुई। सभी स्कूलों में एक साथ परीक्षा आयोजित की गई और उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन छात्रों के अपने स्कूलों के बाहर करवाया गया, जिससे निष्पक्षता बनी रही।

छात्रों के प्रदर्शन पर सालभर सतत निगरानी रखी गई। कमजोर छात्रों के लिए रेमेडियल कक्षाएं और व्यक्तिगत मार्गदर्शन की व्यवस्था की गई, वहीं मेधावी छात्रों को राज्य की टॉप-10 सूची में स्थान दिलाने हेतु दो दिवसीय विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें उत्तर लेखन की तकनीक, चरणबद्ध मूल्यांकन और मूल्यांकन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अलावा दिसंबर तक संपूर्ण पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिया गया, जिससे जनवरी से मार्च तक प्रभावी पुनरावृत्ति संभव हो सकी। इस अवधि में उत्तर सहित प्रश्न बैंक भी छात्रों को अभ्यास हेतु वितरित किया गया।

इन सभी प्रयासों का परिणाम यह रहा कि दंतेवाड़ा जिले ने न केवल प्रदेश में अपनी स्थिति को ऊँचा किया, बल्कि छात्रों के आत्मविश्वास और शैक्षणिक क्षमताओं में भी जबरदस्त वृद्धि की। अब शिक्षा में बदलाव स्वरूप रामशिला जैसी छात्राएं अब जिले की पहचान बन रही हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एसके अम्बष्ट, डीएमसी हरीश गौतम मौजूद थे।

### शिविर में 771 आवेदनों का हुआ निराकरण



**दंतेवाड़ा।** सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन गीदम विकासखंड के ग्राम पंचायत फरसपाल में किया गया। फरसपाल के साथ-साथ आलनार, कुंडेनार एवं मुंडेर इन 4 ग्राम पंचायतों के आवेदन भी निराकृत किये गए। इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी द्वारा राशन कार्ड वितरण के अंतर्गत 5 हितग्राही रयमती, मनीराम कर्मा, फरसपाल, सुखदई, सुदूराम, फरसपाल, पोडिया, दसरू, फरसपाल सन्नी, नींबू राम कर्मा ,फरसपाल तुलसी, जगमोहन, मसौढी तथा किसान क्रेडिट कार्ड वितरण के तहत 2 हितग्राही हुरदप ठाकुर, फरसपाल,मसराम लखमू , कुंडेनार, श्रम कार्ड वितरण के तहत 2 हितग्राही शमिला कर्मा, हेमा कर्मा लाभान्वित किया गया। समाधान शिविर में कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा भी निरीक्षण करने के साथ-साथ दिशा निर्देश और मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में कुल प्राप्त आवेदन 771 में से सभी का शत प्रतिशत निराकरण किया गया। शिविर में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मंच पर उपस्थित रहे और उन्होंने ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के समाधान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। यहां जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जनपद गीदम अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, उपाध्यक्ष दिनेश कौशल, जनपद सदस्य पवन कर्मा , सभी चारों ग्राम पंचायत के सरपंच एवं गणमान्य नागरिक तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कक्षा 12वीं का परीक्षा फल रहा शत प्रतिशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल में सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा फल 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय में कक्षा 12वीं सीबीएसई बोर्ड में कुल 72 छात्र-छात्राएं शामिलहुए, जिसमें 72 छात्र-छात्राएं पास हुए। 64 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में एवं 8 छात्र ने द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

विज्ञान संकाय में छात्र बलराम गौड़ा ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे। श्रुति देवनाथ ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही एवं रवीना नेताम 87.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। इसी तरह वाणिज्य संकाय में स्नेहा सिंह ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, नाज परवीन ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं वीणा लोखंडे 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह कला संकाय में ओंकार ठाकुर ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अविशी खापर्डे एवं सेरेना निषाद ने 78.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं विजय कुमार कोरी ने 74.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा दसवीं में परीक्षा फल उत्तम रहा कुल 56 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें परीक्षाफल 82.14 प्रतिशत रहा कक्षा दसवीं में गौरव देवनाथ ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अदिति सिंह राठौड़ 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं गौरव साहू 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे।

विद्यालय के प्राचार्य पीएल वर्मा ने छात्र-छात्राओं के इस सफलता पर शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आयुष्मान कार्ड निर्माण में अपेक्षा अनुरूप प्रगति लाएं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कार्यालय के सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई एवं आगामी प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर दुदावत ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के कार्ड निर्माण में हो रही धीमी प्रगति में तेजी लाने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों के कार्ड बनाना सुनिश्चित करें, ताकि जरूरतमंदों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यह योजना आमजन के लिए जीवन रक्षक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके साथ ही वृक्षारोपण महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग को अभी से कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने विशेष रूप से एक पौधा मां के नाम अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने के निर्देश दिए।

## नर्सों का पुष्प गुच्छ, पेन भेंट कर किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के शुभ अवसर पर मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक किरंदुल के तत्वावधान एवं यूनियन के अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव एके सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में परियोजना अस्पताल किरंदुल में कार्यरत समस्त नर्स भाई, बहन को मिठाई खिला कर हर वर्ष की भांति पुष्प गुच्छ, पेन भेंट कर परियोजना अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार लाल की मुख्य आतिथ्य तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. मनीषा लाल, डॉ. अंजू शाह एवं परियोजना अस्पताल के चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की गरिमामय उपस्थिति में सम्मान किया गया। इस अवसर पर इंटक यूनियन की ओर से यूनियन के पदाधिकारी, सदस्य जियाउल हसन, ओंम कुमार साहू, राकेश लाल, देव नारायण, सौरभ पात्रे, बृजेश मिश्रा, संतोष सरोज, रोमियो मसीह, मनोज कोडप्पी, हिरालाल पटेल, सौरभ राज सिंह, जय प्रकाश गुप्ता, पोषण साहू, अनेकों सदस्यों की विशेष सहयोग एवं उपस्थिति मिली। कार्यक्रम का मंचीय उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने उक्त आयोजित कार्यक्रम के लिए आयोजक पदाधिकारियों एवं इंटक यूनियन की प्रशंसा किए।



## खोरखोसा में प्रतिदिन हो रही रोचक गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

वर्तमान में चल रहे समर कैंप का जिक्र करें तो संकुल खोरखोसा में रोज रोचक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिसमें बच्चे बढ़-चढ़ के हिस्सा ले रहे हैं। वहीं समुदाय व पालकों का भी कार्यक्रम के प्रति सकारात्मक प्रभाव दिखाई पड़ रहा है।

हर दिन की गतिविधि को बच्चों के साथ मिलकर संकुल के सभी शिक्षक साथी बच्चों को नया कहानी बुनना, गणित की गतिविधि एवं आज कबाड़ से जुगाड़ की गतिविधि दैनिक गतिविधि के आधार पर किया जा रहा है। 13 मई की गतिविधि में बच्चों ने क्राफ्ट पेपर से कलाकारी, मिट्टी से खिलौने, चित्रकारी, कविता गायन, कबाड़ की सामग्री से उपयोगी सजावटी बनाकर दिखाया। जिसको देखने पालक शाला तक पहुंचे एवं अपने बच्चों के कला को जाना एवं बच्चों से संवाद करते हुए कबाड़ से जुगाड़ का उद्देश्य, इसकी क्या उपयोगिता है, क्या लाभ होगा। इस तरह के सवाल कर रहे थे एवं बच्चे भी सहज और खुशी के साथ किए गए अपने कार्यों को रुचि को साझा कर रहे थे।



इस कार्यक्रम का सफल तत्वधान बस्तर ब्लॉक के बीईओ भारती देवांगन, एबीईओ सुशील तिवारी एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयक अजम्बर कोर्राम द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आयतू कश्यप, छबिलाल नेताम, मालती बघेल, कामेश्वरी कश्यप, योगिता सिंन्हा, रूपधर नेताम, छबीला तारम, संगीता मौर्य, समुदाय, पालक एवं लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउण्डेशन से ब्लॉक अकादमिक समन्वयक हेमंत बघेल उपस्थित रहे।

# स्काउट्स एवं गाइडस को मिला जल सेवा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

भारत स्काउट्स एवं गाइडस छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला आयुक्त स्काउट्स बीआर बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार 9 अप्रैल से 9 मई तक भारत स्काउट्स एवं गाइडस जिला संघ बस्तर एवं वरम फाइनेंशियल जगदलपुर के संयुक्त प्रयास से संचालित प्याऊ घर स्वामी विवेकानंद विद्यालय जगदलपुर नवीन ठाकुर के देखरेख में, सुधा परमार एवं मीरा हिरवानी के सहयोग से चले गीदम रोड यात्री प्रतीक्षालय जगदलपुर का प्याऊ घर, विखं बकावंड अंतर्गत बीजागुड़ा में निशा साहू और स्थानीय लोगों के सहयोग से, दरभा में जुलेखा शाह और स्थानीय लोगों के सहयोग से, लोहण्डीगुडा में राहुल ठाकुर, हेमराव खापरडे के सहयोग से, किलेपाल में निलेश टोप्पो एवं स्थानीय तथा तोकापाल में कृष्णा मौर्य के सहयोग से चलाये जा रहे प्याऊ घरों के संचालन उपरांत सभी जल सेवकों का सम्मान 10 मई को शामलब कन्या क्र. 2 में जिला स्तर पर किया गया। जिला मुख्य आयुक्त संजय पाण्डेय महापौर नपानि जगदलपुर, खेम सिंह देवांगन सभापति नपानि जगदलपुर, टी. महेश संचालक वरम फाइनेंसियल, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा एवं सुरेश गुप्ता, सुधा परमार जिला आयुक्त गाइड, अखिलेश मिश्रा डीएमसी बस्तर, राकेश खापरडे सहायक संचालक जिला शिक्षा कार्यालय, पार्षद आशा साहू, खगेंद्र ठाकुर एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष प्रकाश झा के करकमलों से प्रदान किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथियों द्वारा पूजन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत स्काउटर एवं गाइडर द्वारा स्कार्फ लगाकर एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया।



कार्यक्रम प्रतिवेदन दसरु राम यादव डीओसी द्वारा प्रस्तुत किया गया। गाइड आयुक्त द्वारा आज के समय में इस सेवा कार्य का उद्देश्य छात्रों में दूसरे के प्रति संवेदनशीलता का भाव जागृत करने कहा। टी महेश द्वारा प्याऊ घर का निर्माण एवं सम्मान पत्र सह पारितोषिक प्रदान करने के लिए उन्हें चुनने पर जिला संघ का धन्यवाद दिया गया। सुरेश गुप्ता द्वारा सेवा कार्य को अनुकरणीय बताया, अखिलेश मिश्रा द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए नैतिक शिक्षा अंतर्गत सेवा कार्य कहा गया। जिला सचिव लिलेश देवांगन द्वारा मुख्य अतिथि को छात्रों के पास स्काउट्स एवं गाइडस ड्रेस नहीं होने की जानकारी दी गई, जिस पर उन्होंने लगभग 20 ड्रेस की व्यवस्था कराने की बात कही है।

मुख्य अतिथि संजय पाण्डे ने उद्बोधन में कहा कि स्काउटिंग हमें सेवा करते हुए, अनुशासन से रहने व्यवहार करने तथा एक आदर्श नागरिक बनने प्रेरित करता है। इतनी गर्मी में स्वयं रहकर लोगों को पानी पिलाया साथ ही उसी प्याऊ घर से शरबत भी बाटकर लोगों को दूसरों की सहायता करने की प्रेरणा दी है। हम छात्रों को एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षकों का सम्मान करते हैं। अंत में सभी विकाखंडों से आए हुए 68 छात्रों एवं 7 शिक्षकों को प्रमाण पत्र और जलसेवा सम्मान ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। ट्राफी और प्रमाण पत्र की व्यवस्था वरम फाइनेंसियल जगदलपुर के टी. महेश द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार जिला सचिव लिलेश देवांगन द्वारा किया गया। मौजूद रहे यास्मीन नेताम, दीप्ती, रुमा, किरण, ज्योति तिग्गा, नवीन ठाकुर, खगपति एवं स्काउट्स और गाइड उपस्थित रहे।

# 459 मांगों का मौके पर हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

सुशासन तिहार के अंतर्गत आज जनपद पंचायत कटेकल्याण के ग्राम सुरनार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें धनीकरका, दुवालीकरका, सुरनार, बड़ेलखापाल और गाटम सहित आसपास के ग्रामों के सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत कटेकल्याण के अध्यक्ष हिड़मा कवासी, उपाध्यक्ष भीमसेन मंडावी, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंचगण सहित जनपद पंचायत कटेकल्याण के सीईओ आशीष डे, तहसीलदार आशा मौर्य सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में विभिन्न 22 विभागों से कुल 461 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 459 आवेदन मांग संबंधित एवं 2 शिकायत से जुड़े हुए थे। अधिकारियों द्वारा सभी आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर ही किया गया, जिससे ग्रामीणों में प्रसन्नता का माहौल देखा गया। शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से 4 शिशुवती माताओं का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया, जबकि 2 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म सम्पन्न हुई। शिक्षा विभाग एवं पंचायत विभाग के सहयोग से लगभग 15 बच्चों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही पहचान दंतेवाड़ा कार्यक्रम के तहत 5 छोटे बच्चों को भी जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए।

■ सुरनार में हुए समाधान शिविर में ग्रामीणों की बढ़-चढ़कर सहभागिता



ग्राम पंचायत सुरनार में शिविर में ग्रामीणों की भारी संख्या में उपस्थिति उनकी सक्रिय सहभागिता प्रतीक रहा जहां उन्होंने अपने समस्याओं के समाधान की जानकारी प्राप्त की। शिविर में आधार पंजीयन, ड्राइविंग लाइसेंस जैसी नागरिक सेवाओं का लाभ भी बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उठाया। यह समाधान शिविर शासन की लोक-सेवा को गांव-गांव तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष उदाहरण बना, जिसमें ग्रामीणों की भागीदारी ने इसे सफल और प्रभावी बनाया।

### पेंशन राशि का डीबीटी के माध्यम से भुगतान

**दंतेवाड़ा।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सहायता कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं जैसे सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन तथा मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राहियों को अप्रैल माह तक की पेंशन राशि का भुगतान डीबीटी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से कर दिया गया है। सभी लाभार्थियों को यह सूचना दी जाती है कि यदि पेंशन भुगतान से संबंधित किसी प्रकार की समस्या हो तो वे अपने संबंधित जनपद पंचायत, नगर पालिका अथवा नगर पंचायत की पेंशन शाखा से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग, दंतेवाड़ा की पेंशन शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

## अवैध गिट्टी परिवहन कर रहे टिप्पर को तहसीलदार ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

दरभा तहसीलदार राहुल गुप्ता ने चिंगपाल चौक में गिट्टी चुना पत्थर अवैध परिवहन करते टिपर वाहन क्रमांक सीजी 17 केआर 2775 को पकड़ कर कामानार पुलिस चौकी की अभिरक्षा में रखा है।

कड़मा चुना पत्थर खदान से आये दिन हो रहें अवैध गिट्टी से भरी वाहनों की सूचना मिलने पर दरभा मार्ग से बिना दस्तावेज अवैध परिवहन कर रही टिपर वाहन को दरभा तहसीलदार राहुल गुप्ता को चिंगपाल चौक में कार्रवाई कर वाहनों की जांच की। इस दौरान परिवहन की जा रही टिपर वाहन में गिट्टी से संबंधित दस्तावेज नहीं मिलने पर उन्होंने वाहन समेत गिट्टी जब्त कर कामानार पुलिस चौकी में खड़ा करवाया है। बिना पिट पास के गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे एक टिप्पर को दरभा थाना क्षेत्र के कामानार पुलिस चौकी अंतर्गत तहसीलदार राहुल गुप्ता ने पकड़ा है।




उन्होंने एक टिप्पर को कामानार चौकी परिसर में रखवाया है। तहसीलदार ने बताया कि इस वाहन को उस समय पकड़ा गया जब ये गिट्टी लेकर दरभा की ओर जा रहीं थी। उन्होंने बताया कि बस्तर कलेक्टर के दिशा निर्देश पर कार्यवाही हो रही है और आगे भी अवैध चुना पत्थर परिवहन कर रहें वाहनों पर कार्यवाही होती रहेंगी।



## खबर संक्षेप

### आरएमएसए स्कूल टी संवर्ग, ई संवर्ग स्थिति स्पष्ट करें शिक्षा विभाग



जगदलपुर। पूरे प्रदेश में एक बार फिर शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को लेकर बड़ा बवाल मचा हुआ है। ज्ञात हो कि विगत 8 माह पूर्व स्कूलों और शिक्षकों का युक्ति युक्तकरण किया जा रहा था। इसके नियमों में भारी विसंगति के कारण शिक्षकों ने काफी विरोध किया और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव की आवश्यक पहल पर युक्तियुक्तकरण पर विराम लगा। अब पुनः सरकार स्कूलों व शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण करने जा रही है। जिस नियम में बहुत विसंगति रही उसे जस का तस लागू किया गया है। जिसका काफी मुखर विरोध हो रहा है। यदि किसी स्कूल में पूर्व से विज्ञान का शिक्षक पदस्थ है, उसके बाद शासन पुनः विज्ञान के अतिथि शिक्षक की नियुक्ति करती है, तो पूर्व के शिक्षक को अतिशेष बनाया जा रहा है। जो की नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध है। यहां यह प्रश्न उठता है कि जब पहले से विज्ञान शिक्षक पदस्थ था तो अधिकारी ने अतिथि विज्ञान शिक्षक की नियुक्ति क्यों की। इसी प्रकार शिक्षा विभाग को आरएमएसए स्कूल टी संवर्ग है या ई संवर्ग यह स्थिति स्पष्ट नहीं है। बस्तर जिले के आरएमएसए के स्कूलों में दोनों संवर्ग के शिक्षक कार्य कर रहे हैं। अब वहां के स्कूलों में किसे अतिशेष माना जाएगा। शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के पूर्व शिक्षा विभाग आरएमएसए के स्कूलों की स्थिति स्पष्ट करें।

### निगम क्षेत्र में हुई समाधान शिविर की शुरुआत, सांसद-विधायक हुए शामिल

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे विकास : महेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सांसद महेश कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की

- जनता के हित में कटिबद्धता के साथ काम कर रही सरकार : किरण

सहभागिता हो। इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी जागरूक नागरिकों ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया और समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही है। सांसद ने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदनों का निराकरण जिस तेजी के साथ किया गया यह सतत रूप से जारी रहेगी। सरकार इस दिशा में लगातार सार्थक प्रयास करेगी। उन्होंने नागरिकों से शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास में सहभागी बनने का आग्रह किया। सांसद मंगलवार को पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के माहेश्वरी भवन में समाधान शिविर को सम्बोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर विधायक किरण देव ने कहा कि राज्य सरकार जनता के हित में कटिबद्धता के साथ सजग होकर काम कर रही है। सरकार गठन होने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर गारंटी को पूरा कर रही है। इस सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्या-मांग का निराकरण करना है। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं से हर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना है। जो जनता का जुड़ाव इन शिविरों में होने के साथ ही उनकी व्यापक सहभागिता को दर्शाता है।

#### गोद भराई एवं अन्नप्रासन्न करवाया



महापौर संजय पांडे ने सुशासन तिहार के अंतर्गत जनता की समस्या-मांगों के निराकरण के बारे में अवगत कराया और इस दिशा में निरंतर सजग होकर पहल करने आश्वस्त किया। इस दौरान अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया गया। वहीं 6 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 3 शिशुओं को अन्नप्रासन्न करवाया। इस मौके पर चार हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर अवगत कराया गया कि समाधान शिविर में नगर निगम क्षेत्र के माता सन्तोषी वार्ड, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, गुरु घासीदास वार्ड, महारानी वार्ड,पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड एवं महेन्द्र कर्मा वार्ड सम्मिलित थे। उक्त समाधान शिविर में प्राप्त कुल 244 आवेदन पत्रों में सभी आवेदनों का निराकरण किया गया। नगर निगम क्षेत्र में कुल 3010 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें 2706 आवेदन पत्रों का निराकरण किया जा चुका है, शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के बारे में आवेदकों को अवगत कराया गया।

#### पार्षद हितग्राही चयन में सकारात्मक पहल करें

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मंत्रीगण सरकार की इस सुशासन को शहर से गांव तक पहुंचाने के लिए भरी दुपहरी में गांवों में जाकर चौपाल लगाकर जनता से सीधे मुखातिब हो रहे हैं और उनकी समस्या निदान करने सहित जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा भी ले रहे हैं। उन्होंने नगर निगम में विकास कार्यों को सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि नागरिकों की बुनियादी सुविधाओं के साथ ही राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण, महतारी वंदन योजनांतर्गत हितग्राहियों का चयन आदि के लिए वार्ड पार्षदों को सकारात्मक पहल किए जाने कहा। साथ ही नागरिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आग्रह किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लौहशिल्प बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, नगर निगम के अध्यक्ष खेमसिंह देवागन सहित अन्य जनप्रतिनिधि और वार्ड पार्षद तथा नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## धनियालूर व आड़ावाल के मंड़ई में शामिल हुए विधायक एवं सांसद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधानसभा क्षेत्र के नानगुर मंडल के ग्राम धनियालूर एवं आड़ावाल में वार्षिक (मेला) मंडई का आयोजन मे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव व सांसद महेश कश्यप शामिल हुए उन्होने माता जलनी व गंगादई मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ व बस्तर की सुख समृद्धि की माता से कामना किया। धनियालूर व आड़ावाल के ग्रामवासियों ने पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर स्वागत किया। किरण देव ने कहा कि धनियालूर व आड़ावाल मे माता मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मंडई में शामिल होकर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं।मेला में आयें सभी क्षेत्र की जनमानस को शुभकामनाएं। बस्तर में आयोजित मेला, मंडई का अपना विशेष महत्व होता है। जिसमें हमारी बस्तर की कला संस्कृति, परम्परा का समावेश होता है। मेला में विधाशरण तिवारी, मंडल अध्यक्ष हरिराम मंडावी, जनपद सदस्य श्रीती शर्मा, सरपंच जयंती कश्यप, मनोहर तिवारी, राजेश शर्मा, राधे पन्दे व माता पुजारी, गणेश नागवंशी व जनमानस उपस्थित थे।

## सामुदायिक भवन पर अनुदान राशि मांग पूरा करवाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा मय (बढ़ई) मनु (लोहार) कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के संरक्षक एवं लोह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष

- विश्वकर्मा समाज ने बोर्ड के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन
- लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष का जोशीला स्वागत

प्रफुल्ल विश्वकर्मा से समाज के सदस्यों ने भेंट किया। समाज द्वारा जगदलपुर के लिए सामुदायिक भवन के लिए अनुदान राशि की मांग रखी गई एवं प्रदेश स्तर पर



सामुदायिक भवन निर्माण हेतु रायपुर में भूखण्ड आवंटन की भी मांग रखी गई है।

समाज को भरोसा दिलाया कि यह दोनों मांग मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के समक्ष रख शीघ्र पूर्ण करवाने का प्रयास करूंगा। छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा मय (बढ़ई) मनु (लोहार) कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री अजय शर्मा के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधि मंडल ने गर्म जोशी से स्वागत किया। इस प्रतिनिधि मंडल में विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति बस्तर संभाग के संभागीय अध्यक्ष सुदर्शन विश्वकर्मा, जिला अध्यक्ष राम प्रवेश शर्मा, उपाध्यक्ष जगदेव विश्वकर्मा, संगठन मंत्री आनंद शर्मा, समाज के वरिष्ठ सदस्य विजय विश्वकर्मा, परिवहन संघ के पूर्व उपाध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, जय गोपाल विश्वकर्मा, संजय शर्मा, सुनील शर्मा, संगठन मंत्री, रेलवे जोन रायपुर के मेंबर कमलेश विश्वकर्मा, समाज के विधि सलाहकार एवं सदर वार्ड के पार्षद संजय विश्वकर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी महेंद्र विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा, जांगिड़ महासभा के प्रदेश प्रभारी धर्मचंद शर्मा, जिला अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा एवं समाज के अन्य सदस्य शामिल रहे।

## टुल्लू पंप की जब्ती में फील्ड अमला कर रहा पक्षपात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

इन्द्रावती नदी में पानी कम होने ओर पूरे बस्तर में जल स्तर नीचे जाने का असर शहर की जनता को भी भोगना पड़ रहा है। वहीं नगर की सत्ता मे आयी भाजपा शहर वासियों को जल संकट से राहत देने के लिए अलग अलग स्तरों पर काम कर रही है जिसमें घर घर जाकर टुल्लू पंप के अवैध रूप से हो रहे उपयोग को रोकना भी शामिल है। लेकिन महापौर संजय पाण्डे और आयुक्त प्रवीण वर्मा के निर्देश का नगर निगम के फील्ड अमला पलिता लगाने में कोई कसर नही छोड रहे हैं। मंगलवार को नगर निगम का पीएचई अमला शहर के महारानी वार्ड में पहुंचा जहां वार्ड के कुछ शिकायत करने वाले लोगों के बातों में आकर कई घरो को छोड़कर बीच-बीच के कुछ घरो मे जाकर ही टुल्लू पंप की जब्ती की गई जबकि कई बड़े भवनो में जहां टुल्लू पंप लगाकर अवैध रूप से जल का उपयोग किया जा रहा है उसे छोड़ दिया गया। अमला के पक्षपात पूर्ण कार्यवाही को लोगो ने देखा और भेदभाव करने की प्रकिया को गलत बताया जब अमला वार्ड मे घुम रहा था उस दौरान कलेक्टोरेट मे डीएमएफटी और माहेश्वरी भवन में सांसद विधायक और महा पौर पार्षद समेत अधिकारियों की भीड़ रही जो शासन प्रशासन की प्रशंसा करते हुए जनता को यह बताने मे व्यस्त रहे कि भाजपा की सरकार मे हर वर्ग को योजना का लाभ मिल रहा है ओर सबके साथ न्याय हो रहा है। जबकि ठीक उसी समय महारानी वार्ड मे नगर निगम का अमला मनमानी करते हुए पक्षपात कर रहा था ।

#### पक्षपातपूर्ण कार्यवाही अनुचित

शहर में नगर निगम के द्वारा जो भी काम किया जा रहा है उसका लाभ शहर वासियों को मिले यह उदेश्य है घर घर जाकर टुलुपंप के उपयोग में यदि पीएचई अमला पक्षपात कर रहा हे तो यह अनूचित है इस संबंध में जानकारी लेकर उचित कार्यवाही की जायेगी।

संजय पाण्डे, महापौर

## जनशिकायतों का प्राथमिकता से समाधान करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार अभियान के अंतर्गत कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय सीमा बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों से अभियान की प्रगति

- कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

की जानकारी ली। इस दौरान विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए जनहित के कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों और हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त होने वाली जनशिकायतों का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। वहीं कलेक्टर ने जिले के कन्या आश्रमों की स्थिति की जानकारी ली और



उनकी अवस्थिति में सुधार करने तथा बाउंड्री वॉल निर्माण कराने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। उन्होंने बालिकाओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। मिश्रा ने आगामी शैक्षणिक सत्र से पहले सभी स्कूलों, छात्रावासों एवं पोटा केबिनों की जांच कर उनकी आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। कलेक्टर ने मानसून के पूर्व सभी अपूर्ण पुल-पुलिया एवं सड़कों के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### समर कैंप में गुणवत्तापूर्ण गतिविधियों पर जोर

कलेक्टर ने कहा कि समर कैंप में पर्याप्त संख्या में शिक्षक और कोच की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों को समर कैंप के दौरान विविध गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाए। विशेष रूप से डॉक्टर, पुलिस या अन्य पेशों में रुचि रखने वाले बच्चों की संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कराई जाए और उन्हें जिला अस्पताल, एसपी कार्यालय, एजुकेशन सिटी एवं लाइब्रेरी जैसे स्थानों का शैक्षणिक भ्रमण भी कराने निर्देश दिए।

#### नियद नेल्ला नार अभियान पर विशेष ध्यान

कलेक्टर ने नियद नेल्लानार अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि सभी ग्रामों के लोगों के दस्तावेजों को शीघ्रता से तैयार कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। साथ ही नए पीडीएस भवनों में सामग्री वितरण शीघ्र शुरू करने के निर्देश भी दिए गए। साप्ताहिक बैठक जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रशासन की सक्रियता का परिचायक रही।

### हिमांशु ने राज्य स्तरीय कराटे स्पर्धा में जीता रजत



जगदलपुर। 9वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराते प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई में हिमांशु साहू ने रजत पदक जीत कर बस्तर का मान बढ़ाया। 9 से 11 मई तक राज्य स्तरीय सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराते प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन एवं जिला कराते संघ दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। सेंसेई सरजीत सिंह बख्शी के मार्गदर्शन में कोच अरुण नाग के नेतृत्व में हिमांशु साहू ने राज्य स्तरीय स्पर्धा में भाग लिया। हिमांशु साहू के इस उपलब्धि पर पर उनके पिता परमानन्द साहू माता पिलेश्वरी साहू, सहित क्षेत्रीय साहू समाज तेतरकुटी के अध्यक्ष गणेश राम साहू, लाल बहादुर साहू समेत अन्य ने सराहना की।

## संघ ने सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा। इसमें संघ की जिला अध्यक्ष पंकज सेठिया ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक को आन लाईन इन्ट्री डाटा इंट्री आपरेटर से कराए जाने हेतु कहा एवं इंट्री के संबंध में होने वाली तकनीकी एवं अन्य समस्याओ को अवगत कराया। इसके निराकरण हेतु संघ के प्रतिनिधियों से चर्चा की मांग की गई थी, जिसमें इन्ट्री के संबंध में आज पर्यन्त तक चर्चा एवं निराकरण लंबित है एवं समस्याओं का निराकरण नहीं होने के कारण समस्त प्रकार के आनलाईन कार्य करने मे असमर्थता का उचित कारणो के साथ शासन प्रशासन की दी गई है। संघ द्वारा विभिन्न कारणों के साथ आपत्ति दर्ज करते हुए संशोधन की मांग करते है जो स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संवर्ग के प्रशिक्षण हेतु सिलेबस में क्लिनिकल, नर्सिंग संबंधी कार्य एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के संपादन एवं क्रियान्वयन शामिल है, आनलाईन संबंधी तकनीकी कम्प्यूटर शामिल नहीं है।






नियम व शर्त : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।